राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## रिपब्लिक डे परेड में भाग लेने वाले एनसीसी कैडेट्स के लिए 'एट होम' कार्यक्रम आयोजित

## राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए युवाओं को जीवन जीने की कला सिखा रहा है एनसीसी – राज्यपाल

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स के लिए राज्यपाल ने दी पांच लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि

जयपुर, 2 फरवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि एनसीसी युवाओं को समाज और राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए जीवन जीने की कला सिखाने का महती कार्य कर रहा है।

राज्यपाल श्री मिश्र कर्तव्य पथ पर रिपब्लिक डे परेड में भाग लेकर लौटे राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स के लिए गुरुवार शाम को राजभवन में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कैडेट्स को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का अवसर मिलने के लिए बधाई देते हुए उन्हें देश का जागरुक नागरिक बनने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने गणतंत्र दिवस परेड में विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स के उत्साहवर्द्धन के लिए विवेकाधीन कोटे से पांच लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि की घोषणा भी की।

राज्यपाल ने कहा कि एनसीसी युवा वर्ग की शक्ति और साहस को दिशा देते हुए देश के लिए समर्पित होकर कार्य करने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि जो एक बार कैडेट बन जाता है वो जीवन में हमेशा के लिए अनुशासन और समर्पण से जुड़ जाता है। उन्होंने इस अवसर पर विश्व की सबसे बड़ी संगठित संस्था के रूप में पहचान बनाने के लिए एनसीसी की सराहना की। उन्होंने इस बात पर भी संतोष व्यक्त किया कि एनसीसी के 17 लाख कैडेट्स में 35 प्रतिशत कैडेट्स छात्राएं हैं। उन्होंने कैडेट्स से संविधान से जुड़े आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि संविधान ही राष्ट्र में सभी की सहभागिता को सुनिश्चित करता है, यह हमारे देश के गणतंत्र का प्रतीक है।

कार्यक्रम के बाद गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटे कैडेट्स ने राजभवन में संविधान उद्यान का भ्रमण किया और संविधान की संस्कृति को प्रकट करते कला–रूपों का अवलोकन किया।

### कैडेट्स ने दी सांस्कृतिक एवं बैण्ड वादन की मनोहारी प्रस्तुतियां

एटहोम कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने कई राजस्थानी लोक गीतों और लोक नृत्यों की मनोहारी प्रस्तुतियां दी। बिड़ला बालिका विद्यापीठ की कैडेट्स ने देशभक्ति धुनों पर बैण्ड वादन की सुमधुर प्रस्तुतियां दी। राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में इन सुंदर प्रस्तुतियों के लिए कैडेट्स की प्रशंसा की।

एनसीसी के उप महानिदेशक एयर कमोडोर श्री ललित कुमार जैन ने राज्यपाल को आरडी कैम्प में राजस्थान के एनसीसी दल की उपलब्धियों के बारे में बताया।

एटहोम कार्यक्रम में राजस्थान के एनसीसी निदेशालय के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण और कैडेट्स उपस्थित रहे।

-----